Title : Need to provide a halt station near Pateri village in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा,बिहार अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में एक महत्वपूर्ण रेलखंड ?महाराजगंज-मशरक? है। इस रेल खंड पर एक पटेढ़ी ग्राम है जो बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया बाबू जो बिहार के बहुत ही प्रसिद्ध और आदर्शवादी नेता थे, इसी ग्राम के थे। इतने प्रसिद्ध ग्राम और इसके आस-पास के दर्जनों ग्रामों की जनता को रेल मार्ग से यात्रा करने के लिए नजदीक में एक रेलवे स्टेशन की अतिआवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र के लोग कम खर्च में रेल मार्ग से सुगमता पूर्वक यात्रा कर सके। अत : रेल मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के उपर्युक्त रेलखंड पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया बाबू के नाम पर पटेढ़ी ग्राम के पास,एक रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाया जाये ताकि इस पूरे क्षेत्र की जनता को रेल यातायात की सुविधा मिले।